# बिहार लोक सेवा आयोग (Bihar Public Service Commission)

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु वि०सं० 15/2020 के संदर्भ में **CWJC No. 10224/2022, Dr. Aseem Kumar Thakur V/S The State of Bihar & Others** में दिनांक 06.02.2024 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में आवेदक असीम कुमार ठाकुर, रजिस्ट्रेशन नम्बर– 202015000005 को निदेश दिया जाता है कि **दिनांक 08.04.2024 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में** आयोग कार्यालय में निम्नांकित दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे:–

01. आवेदन पत्र का सार प्रपत्र I एवं परीक्षावार प्राप्तांक, प्रतिशत एवं अनुभव का विवरण प्रपत्र II एवं Evaluation of Academic Performance, Research Performance, Domain Knowledge and Teaching Skill– Annexure A पूर्णतः भरकर अपने साथ अवश्य लेते आयेंगे।

02. आप निम्नलिखित अंक पत्र/प्रमाण–पत्र मूल में अनिवार्य रूप से एवं उसकी दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित रहेंगे:–

(i) जन्म तिथि के साक्ष्य हेतु मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल प्रमाण पत्र/अंक प्रमाण पत्र।

(ii) B.E./B.Tech./B.Sc. (Engg.) का प्रमाण पत्र।

(iii) B.E./B.Tech./B.Sc.(Engg.) के सभी वर्ष/सत्र/ सेमेस्टर का अंक पत्र।

(iv) M.E./M.Tech./M.Sc.(Engg.) का प्रमाण पत्र।

(v) M.E./M.Tech./M.Sc.(Engg.) के सभी वर्ष/सत्र/ सेमेस्टर का अंक पत्र।

(vi) Ph.D उत्तीर्णता सम्बन्धी अधिसूचना (Notification)।

(vii) Ph.D का मूल प्रमाण पत्र।

(viii) B.E/B.Tech. में प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् Relevant/ Appropriate Branch में सीधे Ph.D. Degree उत्तीर्णता का दावा करने की स्थिति में उनके द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र (जो सम्बन्धित विश्वविद्यालय/संस्थान से निर्गत हो) साक्ष्य/प्रमाण के रूप में संलग्न करेंगे कि उम्मीदवार द्वारा AICTE के प्रावधानानुसार B.E./B.Tech. के पश्चात् M.E/M.Tech./M.S किए बिना Direct Ph.D. में नामांकन लेकर उक्त Ph.D. डिग्री प्राप्त की गई है।

(ix) अगर प्रमाण पत्र/अंक पत्र में अंक की जगह ग्रेड अंकित है, तो विश्वविद्यालय/संस्था से उक्त ग्रेडिंग को प्रतिशत में परिवर्तित करने हेतु विश्वविद्यालय/ संस्था द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की मूल प्रति (बी०ई०/बी०टेक० तथा एम०ई०/एम०टेक० परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने सम्बन्धी विश्वविद्यालय /संस्था द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की मूल प्रति)।

(x) विज्ञापन की कंडिका 3 के आलोक में अनुभव प्रमाण पत्र:– शिक्षण/शोध/उद्योग का न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव जिसमें से न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव प्राध्यापक के पद के समकक्ष पद पर होगा।

नोट:– शिक्षण/शोध/उद्योग में प्राध्यापक के वेतन स्तर (लेवल–14) के पद का अनुभव मान्य होगा। 15 वर्षों के अंतर्गत शेष 12 वर्षों का शिक्षण/शोध/उद्योग में सह–प्राध्यापक के वेतन स्तर– 13ए1 तथा सहायक प्राध्यापक के वेतन स्तर–10 के पद का अनुभव मान्य होगा।

नोट 2 :– प्राचार्य पद का अनुभव प्रमाण पत्र माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा LPA No. 655/2016 (डॉ० असीम कुमार ठाकुर बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) में दिनांक 19.07.2017 को पारित न्यायादेश के आलोक में दायर SLP No. 20193/2018 में पारित आदेश के फलाफल से प्रभावित होगा।

(xi) आवेदक द्वारा जिस–जिस पद के कार्यानुभव का दावा अपने मूल आवेदन में किया गया है, उक्त कार्यानुभव के वेतन स्तर (Pay Level) के प्रमाण हेतु साक्ष्य के रूप में उक्त अनुभव से सम्बन्धित नियुक्ति पत्र (योगदान करने की स्थिति में), प्रोन्नति पत्र/आदेश (प्रोन्नति पाने की स्थिति में) तथा उस माह का पे स्लिप (वेतन पर्ची) जिसमें अभ्यर्थी द्वारा सम्बन्धित पदों पर योगदान समर्पित/प्रोन्नति पाया गया हो, अथवा प्रमाण पत्र जिससे उम्मीदवार का वेतन स्तर स्पष्ट हो, समर्पित करना अनिवार्य होगा।

(xii) एससीआई जर्नलों/यूजीसी/अभातशिप अनुमोदित जर्नलों की सूची में न्यूनतम 08 शोध प्रकाशन की मूल प्रति।

(xiii) पर्यवेक्षक/ सह–पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम 02 सफल पीएच.डी. मार्गदर्शन सम्बन्धित प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

(xiv) विज्ञापन की कंडिका 5 के आलोक में Research Publication/Book Publication, Journal, Seminar Presentation (Seminar/conference proceedings as full paper etc. Abstracts not to be included), Sponsored research project, Research Guidance (M.Phil, M.E., M.Tech.) & Ph.D. Guidance से सम्बन्धित शोध पत्र एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति।

(xv) केन्द्र सरकार, अर्द्ध सरकारी संस्थान, पब्लिक सेक्टर, बिहार सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार के अधीन किसी भी पद पर नियुक्त रहने की स्थिति में, विभागीय अध्यक्ष/सक्षम प्राधिकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate)।

(xvi) हाल का खिंचा हुआ 4 (चार) पासपोर्ट साईज फोटो।

(xvii) मूल पहचान पत्र (फोटोयुक्त)।

साथ ही इन सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक पत्रों की छायाप्रति दो सेट में स्वअभिप्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य होगा। योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख आपने अपने मूल आवेदन पत्र में किया है। योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र के निर्गत होने की तिथि, आवेदन भरने की अंतिम तिथि के पूर्व का होना आवश्यक है।

03. प्रमाण पत्रों/कागजातों की मूल प्रति निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। यदि प्रमाण पत्र/कागजात मूल में प्रस्तुत कर सत्यापन नहीं कराते हैं, तो इसके लिए किसी भी परिस्थिति में अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। ऐसी स्थिति में अर्हता के सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र रहेगा।

04. अगर अंक पत्र में अंक की जगह ग्रेड अंकित है, तो अपने विश्वविद्यालय से उक्त ग्रेडिंग प्रणाली को प्रतिशत में परिवर्तित करने का फार्मूला प्राप्त कर अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगा, अन्यथा ग्रेड को AICTE द्वारा ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित करने हेतु प्रदत्त फार्मूला के आधार पर प्रतिशत निकाला जाएगा।

05. आपकी अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। आवेदन करने मात्र से अभ्यर्थिता/अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। अभ्यर्थिता/अर्हता पर यथास्थिति एवं यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

06. हाल में खींचे गए पासपोर्ट आकार का चार छायाचित्र (Photograph) साथ में अवश्य लायेंगे। इनमें से एक प्रति, ऊपर कंडिका– 3 में इंगित प्रपत्र I में नियत स्थान पर चिपकायेंगे एवं शेष प्रपत्र I के ही प्रथम पृष्ठ पर जेम्स पिन से संलग्न कर देंगे। उक्त चारों छायाचित्र को हस्ताक्षरित नहीं करेंगे।

07. अपना एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, इत्यादि से कोई एक मूल में एवं इसकी दो छायाप्रतियाँ स्वहस्ताक्षरित कर अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।

08. मोबाईल फोन या किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा ब्लू–टूथ, इलेक्ट्रॉनिक पेन इत्यादि आयोग परिसर में लाना वर्जित है।

09. कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

संलग्नक:– 1. आवेदन पत्र का सार प्रपत्र–I (Proforma-I)
2. परीक्षावार प्राप्तांक एवं प्रतिशत का विवरण प्रपत्र–II(Proforma-II)
3. Evaluation of Academic Performance, Research Performance, Domain Knowledge and Teaching Skill– Annexure A

4.4.2024

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना